प्रीलिम्स फैक्ट्स : 22 दिसंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-22-12-2018

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

- भारत में प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर को एक विशिष्ट विषय के साथ राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय ग्राहक आंदोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है।
- इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को 'उपभोक्ता शिकायतों का समय पर निपटान (Timely Disposal of Consumer Complaints)' विषय के साथ मनाया जाएगा।

'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' की शुरुआत

- भारत सरकार ने 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस घोषित किया है, क्योंकि भारत के राष्ट्रपति ने इसी दिन ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को स्वीकारा था।
- इसके अतिरिक्त 15 मार्च को प्रत्येक वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इसकी घोषणा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ़ केनेडी द्वारा की गई थी, जिसमें चार मूलभूत अधिकार बताए गए हैं-

♦ सुरक्षा का अधिकार
♦ सूचना पाने का अधिकार
♦ चुनने का अधिकार
♦ सुने जाने का अधिकार

जल से ईंधन बनाने की तकनीक

हाल ही में अमेरिका में स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक इलेक्ट्रो-कैटेलिटिक मैटेरियल डिज़ाइन किया है जो जल को ईंधन में परिवर्तित करने हेतु किसी स्तनधारी जीव के फेफड़े की भाँति कार्य करता है।

- जूल (Joule) नामक जर्नल में प्रकाशित यह अनुसंधान मौजूदा हरित ऊर्जा तकनीकियों को और अधिक दक्ष बना सकता है।
- स्तनधारी श्वसन प्रणाली प्रकृति में मौजूद एकमात्र ऐसी प्रणाली है जो एक दिशा से गैस प्राप्त करती है तो दूसरी दिशा से गैस को निष्कासित कर देती है।
- फेफड़े में सामानांतर चलने वाली इसी प्रक्रिया के आधार पर खोजकर्त्ताओं ने यह विधि विकसित की है।

lung